Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop Thawe Peeth under PRASAD and Swadesh Darshan Scheme in Goplaganj district, Bihar-laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (**गोपालगंज**): मैं माननीय टूरिज़म मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के थावे पीठ, जहां मां दुर्गा की भव्य मंदिर है तथा यह बिहार में एक महत्वपूर्ण तीर्थ-स्थल एवं पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, की ओर दिलाना चाहता हूं।

थावे पीठ जहां मां दुर्गा का भव्य मंदिर है एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल भी है । मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में है । यह स्थान पूरे बिहार में एक ग्रामीण पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हैं । यहां पूरे देश के कोने-कोने से लोग मां दुर्गा के दर्शनार्थ हेतु आते हैं एवं ग्रामीण पर्यटक स्थल के रूप में इस स्थान का महत्व भी बढ़ाते हैं । थावे पीठ (मां दुर्गा की मंदिर), गोपालगंज को अगर ‘प्रसाद’ स्कीम के द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जाए तो यहां रोजगार सृजन होगा तथा यहां के ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा । इसके साथ ही थावे पीठ को "स्वदेश दर्शन" स्कीम में भी शामिल किया जाए ताकि यह एक महत्वपूर्ण Spiritual Circuit बन सके।

अत: मैं माननीय टूरिज्म मंत्री से आग्रह करता हूं कि थावे पीठ, मां दुर्गा मंदिर को प्रसाद स्कीम एवं "स्वदेश दर्शन स्कीम" के माध्यम से विकसित किया जाए ताकि ग्रामीण टूरिज्म का विकास हो एवं युवाओं को रोजगार मिले ।